**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–27.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **झारखंड विधानसभा में एसआईआर के खिलाफ प्रस्ताव पारित, भाजपा ने जतायी आपत्ति, कहा– घुसपैठियों को वोटर बनाना चाहती है सरकार।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा– राज्य में अतिवृष्टि से हुए नुकसान का आकलन करा रही है सरकार, प्रभावितों को हरसंभव मदद देने की जतायी प्रतिबद्धता।**
3. **कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की मुलाकात, झरिया मास्टर प्लान समेत कई अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा, आज धनबाद में करेंगे समीक्षा बैठक।**
4. **हजारीबाग भूमि घोटाला मामले में एसीबी ने की बड़ी कार्रवाई, तत्कालीन उपायुक्त विनय चौबे के बाद सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी विनोद चंद्र झा को भी किया गिरफ्तार।**
5. **25वीं झारखंड राज्य सीनियर योग प्रतियोगिता में रांची बनी ओवरऑल चैंपियन, हजारीबाग की टीम उपविजेता।**

*********************

झारखंड विधानसभा ने कल चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया। संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि सत्ता के केंद्र में रहने वाले दल को प्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से एसआईआर कराया जा रहा है।

दूसरी ओर भाजपा ने इस प्रस्ताव का विरोध किया। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में घुसपैठियों को मतदाता बनाने की साजिश रची जा रही है।

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य में अतिवृष्टि से हुए नुकसान का सरकार आकलन करा रही है। कल विधानसभा में अतिवृष्टि पर विशेष चर्चा के बाद सदन के बाहर पत्रकारों से बातचीत में श्री सोरेन ने प्रभावितों को राहत पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहरायी।

*********************

झारखंड दौरे पर आए कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ रांची में उच्चस्तरीय बैठक की। इस दौरान झरिया मास्टर प्लान समेत कोल कंपनियों से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में श्री दुबे ने बताया कि मुख्यमंत्री के साथ बेहद साकारात्मक चर्चा हुई है। जल्द ही बीसीसीएल, सीसीएल और ईसीएल से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

कोयला राज्य मंत्री आज धनबाद में बीसीसीएल, झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार और जिला प्रशासन के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान संशोधित मास्टर प्लान को लेकर ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर बल दिया जायेगा।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर झारखंड के व्यवसायी आज से अब **स्वदेशी अपनाएं, आत्मनिर्भर भारत बनाएं** अभियान की शुरुआत करेंगे। इस राज्यव्यापी अभियान का शुभारंभ रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रांची के मेन रोड से करेंगे।

*********************

हजारीबाग भूमि घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निवारण ब्यूरो–एसीबी ने सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी विनोद चंद्र झा को रांची के धुर्वा स्थित साईं सिटी से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद उन्हें हजारीबाग जेल भेज दिया गया। इससे पहले इसी मामले में हजारीबाग के तत्कालीन उपायुक्त विनय चौबे को भी एसीबी ने गिरफ्तार किया था।

*********************

आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश में आकस्मिक प्रसारण सहायक का पैनल बनाने के लिए आवेदन–पत्र आमंत्रित किया गया है। इस संदर्भ में योग्य उम्मीदवार आकाशवाणी की वेबसाईट newsonair.gov.in और prasarbharati.gov.in के Vacancies सेक्शन और प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल @ airnews_ranchi से प्रकाशित विज्ञापन डाउनलोड कर सकते हैं। योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन 10 सितंबर 2025 तक उप महानिदेशक सह कार्यालय प्रमुख, आकाशवाणी, रातू रोड, रांची, पिन कोड–834001 के पते पर स्पीड पोस्ट से भेज सकते हैं।

*********************

धनबाद के बहुचर्चित नीरज सिंह हत्याकांड में अदालत का फैसला आज आने वाला है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*********************

गिरिडीह जिले के जमुआ थाना पुलिस ने अंतर्राज्यीय गिरोह के 5 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ये सभी एक जेवर दुकान में डकैती की घटना को अंजाम देने वाले थे। एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि आरोपियों के पास से घटना को अंजाम देने के लिए प्रयोग में लाए जाने वाले गैस कटर, हथियार और मोटरसाइकिल सहित कई अन्य आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

उधर, जामताड़ा जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। मौके से पुलिस ने एक लाख से ज्यादा नकद समते कई सामान जब्त की है।

*********************

रांची सेंट्रल विद्युत आपूर्ति प्रमंडल से संबद्ध पॉलिटेक्निक सब स्टेशन से जुड़े 11 केवी बसारटोली, मेन रोड, चर्च रोड, सुजाता और पत्थलकुदवा फीडर आज दिन के 12 से तीन बजे तक बंद रहेंगे। इस कारण कई इलाकों में बिजली बाधित रहेगी।

*********************

मौसम विभाग ने कहा है कि आज और कल राज्यवासियों को बारिश से राहत मिल सकती है। हालांकि दो दिनों की राहत के बाद 29 से 31 अगस्त तक राज्य के उत्तरी व दक्षिणी भागों में भारी बारिश की चेतावनी दी गयी है।

*********************

झारखंड योग संघ की ओर से रांची में श्री अरविंदो सोसाइटी की हेसल शाखा में हुई 25वीं झारखंड राज्य सीनियर योग प्रतियोगिता में रांची की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी है जबकि हजारीबाग की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता में राज्य के अलग–अलग जिलों से करीब 130 महिला और पुरुष प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

*********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां–**

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र की कार्यवाही की खबर को प्रमुखता दी है।
- **दैनिक भास्कर** ने गणेश चतुर्थी पर गणेश जी के बाल रुप की अद्‌भुत कहानियों को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।
- **प्रभात खबर** लिखता है– अब कोचिंग सेंटर पर रखा जायेगा नियंत्रण, तय होगा निजी संस्थानों का शुल्क।
- **हिन्दुस्तान** के शब्द हैं– सहायक आचार्य की बची हुई सीटों के हस्तांतरण पर रोक।
- **दैनिक जागरण** ने लिखा है– शिबू सोरेन के नाम से होगा नगड़ी में बनने वाला रिम्स–2।

**********समाप्त**********